पीएम गतिशक्ति में आएगी तेजी, तीन कमेटियां बनी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम गति शक्ति के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय कमेटी बनाई गई है।

सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की अध्यक्षता में एक नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप का गठन किया गया है। इसके अलावा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यू0पी0 की अध्यक्षता में एक तकनीकी सहयोग इकाई का गठन किया गया है।

इन योजना की निगरानी

समितियां राज्य की मास्टर प्लान के अन्तर्गत विकसित मेगा इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं जैसे डीएफसी, डीएमआईसी–ए0के0आई0सी0, भारतमाला, सागरमाला, इनलैण्ड वॉटरवे इत्यादि की मैपिंग के सम्बन्ध में अनुश्रवण करेगी।

समिति लॉजिस्टिक्स दक्षता का पता लगाने के लिए योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा एवं अनुश्रवण करेगी। योजना में किसी संशोधन के लिए मानदण्डों एवं ढांचों को अपनाएगी।